सार-समाचार

बारदाना गोदाम में लगी आग

गंगापुर सिटी, (निसं)। रीको औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को एक बडी आगजनी की घटना सामने आई। हनुमान प्रसाद के बारदाना गोदाम में अचानक आग लग गई। आग का कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। गोदाम से उठते धुएं को देखकर आसपास के लोगों ने गोदाम मालिक और दमकल विभाग को सूचना दी। करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची दमकल को आग बुझाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पडा। गोदाम का दरवाजा बंद होने के कारण आग पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण हो गया। गर्मी के मौसम में आग ने इतना तीव्र रूप लिया कि गोदाम की दीवारें चटक गईं और कुछ हिस्से गिर गए। गोदाम के ऊपर रखी तीन सेट की छत का भी काफी हिस्सा नीचे गिर गया। आग की तीव्रता को देखते हुए दो और दमकलों को बुलाना पडा। नगर परिषद की तीन दमकलों ने लगभग तीन घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। दोपहर 12 बजे तक दमकल कर्मी मौके पर डटे रहे। इस घटना में लाखों रुपए का बारदाना जलकर राख हो गया। हालांकि आग बुझने के बाद भी कुछ देर तक बारदाने से धुआं निकलता रहा।

सड़क हादसे में एक की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। रीको औद्योगिक क्षेत्र के पास बायपास पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सडक किनारे खडे दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई और दूसरे को मामूली चोट आई है। बुधवार सुबह 9 बजे रीको औद्योगिक क्षेत्र के पास बायपास पर गोपाल सैनी (60) अपने साथी बल्लू के साथ छावा गांव से बाइक पर आ रहा था। रीको औद्योगिक क्षेत्र के पास बायपास पर बल्लू ने बाइक रोक दी। दोनों बाइक के पास खडे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें टक्कर मार दी। गोपाल सैनी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन वह पकड में नहीं आया। घायल गोपाल सैनी को निजी वाहन से गंगापुर सिटी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन, रिश्तेदार और समाज के लोग अस्पताल पहुंचे। पुलिस की समझाइश के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

अभाविप ने बांधे परिण्डे

गंगापुर सिटी, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पक्षियों के लिए विशेष पहल की है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे लगाए हैं। अभियान की शुरुआत कर्मचारी कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर से हुई। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित ने परिंडा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, धर्मशाला, अस्पताल, कॉलेज प्रांगण, थाना और कोर्ट-कचहरी में परिंडे स्थापित किए। नरूका पेट्रोल पंप पर दीपक नरूका ने परिंडे लगाए। मोक्षधाम ईदगाह मोड पर नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने परिंडे लगाए और कार्यकर्ताओं को पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था के निर्देश दिए। कार्यक्रम में एबीवीपी के जिला संयोजक मनोज सैनी, पूर्व प्रांत सह संयोजक सीताराम गुर्जर, नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश गुर्जर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि गर्मी में पशु-पक्षियों को दाना-पानी मिलना मुश्किल होता है, इसलिए यह व्यवस्था की गई है।

भरतपुर में पट्टे नहीं मिलने से नाराज लोगों ने किया प्रदर्शन

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर शहर के कच्चे डण्डे के पट्टों की पत्रावलियो के सहायक नगर नियोजक (ए.टी.पी.) द्वारा लम्बे समय से नक्षे नहीं बनाये जाने के विरोध में संघर्ष समिति के संयोजक जगराम धाकड के नेतृत्व में सैंकडों महिला एवं पुरूषों ने नगर निगम कार्यालय पहुँचकर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध नारेबाजी कर विरोध प्रदर्षन किया और एक ज्ञापन नगर निगम आयुक्त भरतपुर को देकर मांग की गई कि लापरवाह अधिकारी के खिलाफ अनुषासनात्मक कार्यवाही कर षीघ्रातिशषीघ्र पट्टे की पत्रावलियों के नक्षा बनवाकर पट्टे देने की प्रक्रिया को चालू किया जाये।

विरोध प्रदर्षन में कच्चे डण्डे के सैंकडों महिला एवं पुरूषों ने भाग लेकर

- **नगर निगम आयुक्त ने दिया आश्वासन, 8 दिन बाद कलेक्ट्रेट के सामने धरने की दी चेतावनी**

ए.टी.पी. के विरूद्ध जबरदस्त नारेबाजी की तथा संघर्ष समिति की ओर से आयुक्त नगर निगम भरतपुर को दिये गये ज्ञापन में अवगत कराया कि राजस्थान सरकार व नगर प्रषासन कच्चे डण्डे वालों को पट्टे तो देना चाहते हैं, पर जिसके परिणामस्वरूप निगम स्तर पर लगभग 150 पट्टे तैयार भी किये जा चुके हैं, लेकिन निगम में कार्यरत सहायक नगर नियोजक (ए.टी.पी.) द्वारा सैंकडों की तादाद में पेंडिंग पडी पत्रावलियों के नक्षे तैयार नहीं किये जा रहे हैं, जिसके चलते कच्चे डण्डे पर रहने वाले सैंकडों गरीब मजदूर तबके के लोगों को दर-दर की ठोकरें खानी पड रही हैं। ज्ञापन में सहायक नगर नियोजक (ए.टी.पी.) की कार्यषैली को लेकर कच्चे डण्डे पर निवास करने वाले लोगों में गहरा रोष व्याप्त है, जिसके चलते ऐसे अधिकारी के साथ अनुषासनात्मक कार्यवाही की जावे। दिये गये ज्ञापन में संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि आगामी सात दिवसों में पेंडिंग पत्रावलियों के नक्षे नहीं बनाये गये तो संघर्ष समिति के द्वारा जिला कलैक्ट्रेट के सामने धरना देकर आक्रोष व विरोध प्रकट किया जायेगा। आयुक्त श्रवण कुमार विष्नोई ने प्रतिनिधि मण्डल से ज्ञापन लेने के उपरान्त आश्वासन दिया कि आगामी शुक्रवार तक सभी पेंडिंग पत्रावलियों के नक्षे बनवाकर तैयार पत्रावलियों के पट्टों का वितरण कर दिया जायेगा। नक्षे बनाने में देरी न हो, इस पर शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारद्वाज, श्रीराम चन्देला, डा. मुकेष भारतीय, नरेष शर्मा, शागमल वर्मा, ओमप्रकाष मिश्रा, मिश्रीलाल, दीपक सिंह जघीना गेट, मानसिंह सागर, श्रीपथ शर्मा, जगदीष खण्डेलवाल, दीना पंडित, मानसिंह गुर्जर, अषोक कुमार कर्दम, कृष्ण कष्यप, बालकृष्ण कष्यप, श्यामो देवी, रामवती, प्रेमवती, यषोदा, गीता, माया देवी, नसीर खां, वसीर खां आदि सैंकडों महिला एवं पुरूषों ने भाग लिया।

पट्टे नहीं मिलने से नाराज लोगों ने संघर्ष समिति के संयोजक जगराम धाकड़ व इन्द्रजीत भारद्धाज के नगर निगम के समक्ष प्रदर्शन कर आयुक्त को ज्ञापन दिया।

गंगापुर विधानसभा क्षेत्र में होगा सड़कों का निर्माण

- **गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र में करीब 10 करोड की लागत से 27.90 किलोमीटर लंबी सात सडकों का निर्माण करने की मंजूरी दी**
- **भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को पत्र सौंप कर सड़क निर्माण का आग्रह किया था**

गंगापुर सिटी, (निसं)। सरकार की ओर से गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र में करीब 10 करोड की लागत से 27.90 किलोमीटर लंबी सात सडकों का निर्माण करने की मंजूरी दी गई है। उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सडकों के निर्माण के लिए 10-10 करोड रुपए की स्वीकृति जारी की।

भाजपा जिलाध्यक्ष व विधानसभा प्रत्याशी पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर कि अभिशंसा पर सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से विधानसभा क्षेत्र के मोतीपुरा से हबीबपुर (एन एच 11 बी से बामन बडौदा नौगांव अपटू एस एच 1 ए)3.00 किमी लंबी सडक के निर्माण , महानंदपुर डोडाय सीनियर सेकेंडरी स्कूल से एन एच 25 से एन एच 11 बी) 2.35 किमी सडक निर्माण, नागडी गुआडी से खेडाबाड रामगढ 4.30 किमी सडक निर्माण, खिदरपुर से छोटी उदेई रेलवे स्टेशन बाया कारेड 2.25 किमी, सालौदा-पीलोदा-बगलाई अपटू नादोती रोड (गंगापुर सिटी) चैनेज 11/640 से 11/990 0.35 किमी, एन एच 11 बी से बामन बडौदा नौगांव अपटू एस एच-1 ए चैनेज 0/0 से 3/800,4/900 से 5/800 4.50किमी, संपर्क सडक भालपुर 0/0 से 2/0 2.00 किमी, संपर्क सडक आस्ट्रोली 0/0 से 1/050 1.05 किमी सडक निर्माण, खंडीप रेंडायल रोड किमी 3/500 से मोहचा का पुरा बायां मूलचंद की ढाणी किमी 0/0 से 2/650 2.65 किमी सडक निर्माण, संपर्क सडक सुंदरपुर किमी 0/0 से 0/450 0.45 किमी सडक निर्माण, संपर्क सडक छकडा 1.70 किमी सडक निर्माण, कुल 27.90 किमी, 10 करोड रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। गत दिनों उन्होंने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को भी इस संबंध में पत्र सौंप कर सडकों का निर्माण करने का आग्रह किया था। भाजपा की पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर, नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से अब सडकों के विकास की दिशा में कार्य शुरू कर दिया है। जिससे आगामी दिनों में विधानसभा क्षेत्र की सडकों का कायाकल्प होता नजर आएगा।

अन्तर्राष्ट्रीय मानव संसाधन दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय मानव संसाधन दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि किसी भी कार्यस्थल की उत्पादकता उसके कर्मचारियों पर निर्भर करती है, इसलिए कार्यालय का माहौल और व्यवस्थाऐं कर्मचारियों के अनुकूल होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने की शुरूआत स्कूल व कॉलेज से होती है। लेकिन भारत में स्कूल व कॉलेज तो हैं लेकिन उनमें आधुनिक तकनीकी युग के अनुसार कुशल प्रोफेशनल तैयार करने की सुविधायें नही हैं। हमें बच्चों की शैक्षिक अवस्था से ही उन्हें उद्यमी, खिलाडी, कला और उनकी अन्य रूचि के अनुसार वातावरण एवं सुविधाऐं देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हमें खेती के आमूल-चूल परिवर्तन एवं आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता है। इसके लिए बेहतर मानव संसाधन तैयार करने हेतु किसान, वैज्ञानिक एवं नीति निर्माताओं को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्यस्थल पर अधिकारी व कर्मचारियों के बेहतर तालमेल से काम करने से वहाँ की उत्पादकता बढती है।

डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि हमारे देश में ज्यादातर कार्यस्थलों को महिला व दिव्यांगों की सुविधाओं के अनुरूप नही बनाया गया है। इस क्षेत्र में काफी काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर भानूप्रिया पंकज, गीता गवारिया, राजेन्द्र सिंह सहित समस्त कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

भुसावर में कृषि महाविद्यालय भुसावर मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय मानव संसाधन दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

परामर्श शिविर का आयोजन

भरतपुर, (निसं)। महर्षि अरविंद संस्था भरतपुर द्वारा कल्याणं करोति आई इंस्टीट्ययूट मथुरा के सहयोग से मंगलवार को निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्ष षिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 190 रोगियों की जांच की गई तथा निषुल्क दवा वितरण की गई।

इस मौके पर जरूरतमंदों को चिंहित कर मथुरा में निशुल्क आपरेशन किया जायेगा। शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता अरविंद पाल सिंह, धीरेन्द्र पाल सिंह, अनुराग तमरोली ने किया। इस मौके पर कल्याण करोति आई इंस्टीटयूट मथुरा के डौक्टर सुमित कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में अक्सर खुजली होने, पानी आने की षिकायत हो जाती है इसके लिए सनग्लास/काला चष्मा लगाना चाहिये। आंखों को सूर्य की किरणों के संपर्क में सीधा नहीं ओने दें। ठंडे पानी से आंखों पर छीटें मारें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आंखों का आपरेशन कराया जा सकता है क्योंकि अब आपरेषन लेजर से होते हैं। इस मौके पर कृष्ण कुमार ठाकुर, सुमित, विष्णु ठाकुर, शुभम सक्सैना, भूमि ,शुभम सक्सैना, सचिन सारस्वत आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत जहांगीरपुर, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक: Spl-8 **ई-निविदा सूचना** 01/2025-2026 दिनांक: 20.05.2025

ग्राम पंचायत गेरई, पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यूक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/सप्लायर्स/ इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपणन एजेन्टो से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://.sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

प्रशासक ग्राम पंचायत जहांगीरपुर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत जहांगीरपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत गेरई, पंचायत समिति करौली, जिला करौली

क्रमांक: Spl-8 **ई-निविदा सूचना** 01/2025-2026 दिनांक: 20.05.2025

ग्राम पंचायत गेरई, पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत निर्माण कार्यों के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यूक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मों/सप्लायर्स/ इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपणन एजेन्टो से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://.sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

प्रशासक ग्राम पंचायत गेरई — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत गेरई

PANCHAYAT SAMITI MASALPUR

Dispatch No.-PS/Acc./2025-26/94 Date. 12/05/2025

E-Notice Inviting Bid No. 10/2025-26

Bids for Annual Rate contract for Drilling of Hand pump/tube well bore & installation in various Gram Panchayat area of panchayat samiti Masalpur district karauli are invited from interested bidders upto 29.05.2025 Time 6:00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state website. The approximate value of the procurement is Rs. 80.00 Lacs
UBN NO:- ZKR2526A0078
NIB CODE:- ZKR2526GLRC00101

Block Development officer
Panchayat samite Masalpur

अवैध खनन बेलगाम

बयाना/भरतपुर, (निसं)। बयाना और रूपवास उपखंड क्षेत्रों में अवैध खनन बेलगाम होता जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट आदेशों और सख्त मंशा के बावजूद पत्थरों की काली कमाई का यह कारोबार बेधड़क जारी है। रात्रि के अंधेरे में ट्रकों के काफिले प्रशासन और पुलिस की नाक के नीचे से गुजरते हैं और खनन माफिया पहाड़ों को दिन-ब-दिन खोखला कर रहे हैं।

बंशी पहाड़पुर और बंध बरैठा के पहाड़ों में इन दिनों जेसीबी मशीनें और हथौड़े दिन-रात गरज रहे हैं। पहाड़ों से निकाले जा रहे बड़े-बड़े पत्थर ट्रकों में लादे जाते हैं और उन्हें रुदावल, खेरिया मोड़ होते हुए ब्रह्मबाद मार्ग से बयाना के रीको औद्योगिक क्षेत्र तक पहुँचाया जाता है। यह सब कुछ रात के अंधेरे में किया जाता है ताकि किसी भी निगरानी से बचा जा सके। स्थानीय लोगों के अनुसार, खनन सामग्री से भरे ट्रक रुदावल थाना, खेरिया मोड़ चौकी और बयाना थाना के सामने से रोजाना गुजरते हैं। लेकिन न कोई ट्रक रोका जाता है, न किसी पर कार्रवाई होती है। यहां तक कि वन विभाग का कार्यालय भी पास में ही स्थित है, परंतु अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया और पुलिस-वन विभाग के अधिकारियों के बीच मिलीभगत है। बिना संरक्षण के इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन संभव नहीं। ष्हर रात ट्रकों की आवाजाही होती है, लेकिन किसी को कुछ नजर नहीं आता। क्या इतने अंधे हैं प्रशासनिक अधिकारी। यह सवाल अब आमजन के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही में स्पष्ट आदेश जारी किए थे कि अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा था, कार्मिक राज्यहित को दें सर्वोच्च प्राथमिकता। अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यालय स्तर पर संयुक्त टीम बनाकर औचक निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए थे। बावजूद इसके, भरतपुर में स्थिति जस की तस बनी हुई है।

भाजपा के पूर्व विधायक ग्यासाराम कोली ने कहा,यह बेहद चिंताजनक है कि मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद भी खनन माफिया खुलेआम सक्रिय हैं। पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। यदि सरकार ने समय रहते सख्ती नहीं दिखाई, तो पर्यावरणीय और सामाजिक संकट गहराना तय है। जानकारों का कहना है कि इस अवैध खनन से क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है। पहाड़ों की लगातार खुदाई से मिट्टी का कटाव और भू-क्षरण हो रहा है। भूजल स्तर गिरने की आशंका गहराती जा रही है। वहीं वन्यजीवों का आवास क्षेत्र भी प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीण बताते हैं कि सिंचाई के लिए अब खेतों में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।क्षेत्र की जनता अब खुलकर सवाल उठा रही है। लोग कह रहे हैं कि जब मुख्यमंत्री के आदेशों को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे, तो आमजन की कौन सुनेगा? लोगों ने उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग करते हुए कहा है कि माफिया और सरकारी तंत्र के गठजोड़ को तोड़े बिना यह सिलसिला नहीं रुकेगा। हाल ही में राज्य स्तर पर हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने साफ निर्देश दिए कि अवैध खनन को रोकने के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई हो।

सरकार के अनुसार, मुख्यालय स्तर पर टीमें गठित की जा रही हैं जो जिले-दर-जिले दौरा कर खनन गतिविधियों की रिपोर्ट तैयार करेंगी। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या राज्य सरकार की चेतावनियों के बाद प्रशासन हरकत में आएगा? क्या बयाना-रूपवास क्षेत्र में जारी अवैध खनन पर अंकुश लगेगा? क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी या फिर यह आदेश भी केवल कागजों तक ही सिमट कर रह जाएंगे?बयाना और रूपवास क्षेत्र में अवैध खनन अब सिर्फ कानून व्यवस्था की नहीं, बल्कि पर्यावरण, प्रशासनिक ईमानदारी और शासन की साख की भी परीक्षा बन चुका है। राज्य सरकार को चाहिए कि वह बिना किसी दबाव के दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

शिविर शुरू

भरतपुर, (निस)। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में पंतजलि योग समिति भरतपुर के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 20 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं मुख्य संयोजक वीरीसिंह कुंतल के नेतृत्व में विश्वप्रिय शास्त्री पार्क भरतपुर में वैदिक मंत्रों के साथ प्रात: 5 से 7 बजे तक शुभारम्भ करवाया गया। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का कार्य पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी गंगो सिंह के द्वारा किया गया। मुख्य संयोजक कुंतल ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन योग के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए 8 प्राणायाम में भस्त्रिका, कपाल भांकित, अनलोक विलोम, भ्रामरी, ब्राह्मी प्राणायाम आदि कराये गये।

राधानगर मोहल्ले में तीन महीने से नहीं आ रहा पानी

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर के गोलपुरा रोड स्थित राधानगर मोहल्ले के लोग बीते तीन महीनों से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मोहल्ले में जलदाय विभाग की ओर से पाइपलाइन तो बिछी हुई है और अधिकतर घरों में वैध कनेक्शन भी लिए हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद नियमित जल आपूर्ति पूरी तरह ठप है।

स्थानीय निवासी नीलम ने बताया कि पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण उन्हें प्रतिदिन बाहर से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों से मिलकर शिकायत भी की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर बात टाल दी जाती है। स्थिति यह हो गई है कि गर्मी के इस मौसम में लोगों को पीने के पानी तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने जिला कलक्टर भरतपुर को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें मांग की गई है कि जलदाय विभाग को निर्देशित कर राधानगर मोहल्ले की पेयजल आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारू रूप से चालू करवाया जाए। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर त्वरित संज्ञान लेने की अपील की है। ज्ञापन देने वालों हरदेई, पींकी, बबली, चन्दा, सुनीता, अर्चना, केलादेवी, नीलम सिंह आदि स्थानीय लोग मौजूद रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता एंव पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशैड सेल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद, करौली

क्रमांक: 351-58 दिनांक: 16.05.2025

निविदा सूचना

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से सम्बन्धित अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय के कार्य क्षेत्र में वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए दिनांक 22.05.2025 को दोपहर को दोपहर 12.00 बजे तक मोहर बंद निविदाऐं पंजिकृत फर्मों/ठेकेदारो से आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक को तत्पश्चात गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। है। निविदा कोड WSC2526A0137 के अन्तर्गत UBN No WSC2526SSRC00247, के बिड़ दस्तावेज https://.sppp.raj.nic.in से दिनांक 16.05.2025 से दिनांक 22.05.2025 तक डाउनलोड/अपलोड किये जा कर दिनांक 22.05.2025 को दोपहर 2.00 बजे खोले जावेगे।

अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशैड सेल कम डाटा सेन्टर, करौली

कुरीतियों के निवारण के लिए जनसम्पर्क अभियान चलाया जायेगा : कुन्तल

भरतपुर, (निसं)। जिला जाट महासभा की बैठक महासभा कार्यालय "जाट हवेली" सारस पर जिलाध्यक्ष डॉ. प्रेमसिंह कुन्तल की अध्यक्षता में तथा अखिल भारतवर्षीय जाट महासभा के पूर्व राष्ट्रीय महामन्त्री इतिहासकार रामवीर सिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य मे हुई, जिसमें जिले भर की प्रमुख जाट सरदारी ने भाग लिया।

बैठक में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेषन सिन्दूर के तहत अनुपमशौर्य, पराक्रम, वीरता का प्रदर्षन कर पाकिस्तान को पराजित कर भारत का नाम रौषन करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये वीर शहीद सैनिकों के सम्मान में दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इतिहासकार रामवीर सिंह वर्मा ने बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये कहा कि बजट घोषणा के अनुसार भरतपुर में अमर शहीद वीर गोकुला जाट एवं हिन्दू धर्म रक्षक खैमकरण सोगरिया का पेनोरमा बनना था, बैठक में निर्णय लिया गया कि जून के प्रथम सप्ताह में जाट महासभा का प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री से मिलकर कार्यवाही कराने का अनुरोध करेगा। वर्मा ने भरतपुर जिले की पुरातात्विक एतिहासिक राष्ट्रीय धरोहर के उचित देखभाल न होने व अतिक्रमण होने पर चिन्ता व्यक्त की।

जिला जाट महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसिंह कुन्तल ने बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी देते हुये बताया कि संगठन को अधिक प्रभावी बनाने के लिये जिला व तहसीलों की कार्यकारिणीयों का पुर्नगठन किया जायेगा। समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण हेतु सघन जन सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। अध्यक्ष डॉ. कुन्तल ने बताया कि मानसून आने पर जाट महासभा के पदाधिकारियों ने पाँच सौ वृक्ष लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। बैठक में सामाजिक उत्थान के कार्यक्रमों को प्रमुखता से किया जायेगा। बैठक को साहित्यकार नरेन्द्र निर्मल कवि एवं ष्याम सिंह मधुर जघीना ने वीररस की देषभक्ति पूर्ण कविता प्रस्तुत कर वातावरण को रोमांचित कर दिया। बैठक को प्रदेष उपाध्यक्ष साहब सिंह एडवोकेट, प्रदेष महामंत्री राकेष फौजदार, मोहनसिंह करकला, रघुवीर सिंह सिनसिनी, जगवीर सिंह, ठेकेदार जघीना, देवेन्द्र सिंह सिनसिनवार, साहित्यकार श्याम सिंह जघीना, नरेन्द्र निर्मल कवि, मनुदेव सिनसिनी, कमल इन्दोलिया, राघवेन्द्र सिंह, थानसिंह जटमासी, प्रेमसिंह, चौब सिंह फौजदार, षिक्षाविद् सुभाष कुन्तल, उमेष कुन्तल, गजेन्द्र सिंह डागुर, रामफूल सिंह, नाहर सिंह, हरवीर सिंह, राजवीर चाहर, हिमांषू कुन्तल, सहित अनेक जाट सरदारी के लोगों ने सम्बोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री गोविन्द सिंह भगौर ने किया। तथा आभार डॉ. प्रेम सिह कुन्तल ने व्यक्त किया।

भरतपुर में जिला जाट महासभा की बैठक जिलाध्यक्ष डॉ. प्रेमसिंह कुन्तल की अध्यक्षता में हुई।

OFFICE OF GRAM PANCHYAT REWAI, PANCHYAT SAMITI HINDAUN KARAULI

No.-136 Date:- 20-05-2025

Auction Notice Of Abadi Land

It is informed to the general public that the Gram Panchayat Rewai has decided to sell the vacant plots presently present in the Abadi land Khasra number 1049/363 situated in revenue village Pattinarayanpur of Gram Panchayat Revai through auction. The auction proceedings of which are proposed to be done by Gram Panchayat Revai on the date 28-05-2025 at the Gram Panchayat headquar ters. According to the above, the map of the plots proposed for auction proceedings can be viewed by appearing at the Gram Panchayat Headquarters on any working day. Therefore, interested applicants can submit their application along with details to Gram Panchayat Revai before the auction date. The details and terms and conditions of the auction proceedings are as follows:-

1- The applicant can obtain the details of the vacant plot for which he wants to apply in the land of the above mentioned Khasra number from the Gram Panchayat office on any working day.
2- No plot of land proposed for sale will be allotted at a price lower than the currently prevailing market rate (Current DLC Rate).
3- The applicant, who wishes to apply for a vacant plot in the land of the above mentioned Khasra number, will have to submit a demand draft of 2% of the proposed value of the plot at the present charged DLC rate for the total area along with the application in the name of Gram Panchayat Revai.
4- Applicants willing to purchase the plots proposed for sale in the said land should submit their applications to the Gram Panchayat before the auction date- 28-05-2025
5- The Gram Panchayat shall have the right to postpone/cancel the said auction proceedings at any stage without assigning any reasons.
6- Other terms and conditions can be obtained from the

Village Dovlopment Officer Gram Panchyat Rewai — **Sarpanch Gram Panchya Rewai**